खुल्दाबादमें युवकपर जानलेवा हमला, छीनी चेन

पांचके खिलाफ एफआईआर, घटना सीसीटीवी कैमरेमें कैद

खुल्दाबाद थाना क्षेत्र में एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया गया जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया। आरोपित जख्मी युवक के गले से चेन छीन लिये। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हुआ है। पुलिस तहरीर के आधार पर प्रशांत केसरवानी, सागर, मनीष, कृष्णा, शोभित व अन्य अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गयी हे। खुल्दाबाद के लूकरगंज निवासी ऋषभ केसरवानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ११ फरवरी की रात वह घर लौट रहा था तभी रास्ते में उनका एक और घरहै। वहां पर उसका बुआ का बेटा शैलेन्द्र खडा था जिसे देखकर पीड़ित रुक गया। आरोप है कि तभी वहां खड़े मनीष और शोभित गुप्ता गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों ने मारपीट शुरू कर दी। कुछ देरबाद अन्य उक्त आरोपितों को भी बुला लिया गया। आरोपितों ने लात, घूंसे, डंडों से मारने लगे। पीड़ित को जान से मारने की नीयत से गला घोटने का प्रयास किया गया। पीडित के दोनों फोन छीन लिये गये। पीड़ित मारपीट से बेहोश हो गया। आरोपितों ने उसके गले से चेन भी छीन ली और फरार हो गये। पीड़ित ने किसी तरह से अपने भाई को काल किया। पीड़ित का पर्स भी गायब है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। खुल्दाबाद पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

होली विशेष गाड़ीका संचालन करनेका निर्णय

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु अतिरिक्त यात्री भीड़ को कम करने के लिए होली विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। इसमें गाड़ी संख्या-०४१२३-०४१२४ प्रयागराज-निजामुद्दीन-निजामुद्दीन विशेष गाड़ी का संचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या-०४१२३ प्रयागराज से प्रत्येक बुधवार एवं रविवार १८ फरवरी से आठ मार्च तक छह फेरे लगायेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या ०४१२४ निजामुद्दीन से प्रत्येक गुरुवार एवं सोमवार १९ फरवरी से नौ मार्च तक छह फेरे लगायेगी। इसी क्रममें गाड़ी संख्या- ०१९१९ और ०१९२० आगरा छावनी-असारवा-आगरा छावनी विशेष गाड़ी का संचालन किया जायेगा। गाड़ी संख्या-०१९१९ आगरा छावनी से १८ फरवरी से २८ फरवरी के मध्य नौ फेरे सोमवार एवं मंगलवार को छोड़कर और गाड़ी संख्या-०१९२० असारवा से १९ फरवरी से एक मार्च तक मंगलवार एवं बुधवार को छोड़कर कुल नौ फेरे लगायेगी।

अतरसुइयामें घरमें घुसकर दंपतीको पीटा, जख्मी

अतरसुइया थाना क्षेत्र में घर में घुसकर दंपती से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट में दोनों जख्मी हो गये। पुलिस तहरीर के आधार पर जिसान, कोहिनुर एवं सबाना के खिलाफ दर्ज कर ली है। दरियाबाद कटेहरा निवासी रेशमा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने घर में काम कर रही थी। आरोप है कि मुहल्ले के उक्त आरोपित उसके घर में जबरन घुस आये और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर पीड़िता का पति आया तो उनसे भी मारपीट की गयी। मारपीट में दोनों जख्मी हो गये। अतरसुइया पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

इविवि के परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमारको मिलेगा सारस्वत सम्मान

अखिल भारतीय सारस्वत परिषद, वाराणसी की ओर से इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज के परीक्षा नियंत्रक अशोक कुमार कन्नौजिया को प्रशासनिक क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए 'सारस्वत सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। परिषद की ओर से २३ फरवरी को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के वैदिक ज्ञान केंद्र में होने वाले कार्यक्रम में पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। अखिल भारतीय सारस्वत परिषद के राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष और महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित ने अशोक कुमार कन्नौजिया सहित २५ अन्य लोगों को विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित करने का निमंत्रण भेजा है। विदित रहे कि अखिल भारतीय सारस्वत परिषद प्रत्येक वर्ष देश के विद्वानों, धर्म संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान, त्याग, सेवा और समर्पण भाव की परंपरा के संवाहक राष्ट्र के सपूतों को सम्मानित करती है।

छात्रको कारसे अगवा कर मारपीट करने वाले दो और गिरफ्तार

आरोपितोंने दिनदहाड़े घटनाको दिया था अंजाम दो अन्यकी तलाश



करेली थाना क्षेत्र के जीटीबी नगर में कार से छात्र का अपहरण कर पीटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने बक्सी मोढ़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया है। कसारी मसारी निवासी मोहम्मद उमर और सैफ के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर लिया है। इस मामले में दो और आरोपित फरार हैं। पुलिस तलाश कर रही है।

भीटी निवासी आरोपित माजिद को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में कहा कि आठ फरवरी को करेली थाना क्षेत्र के सी ब्लॉक स्थित एक समोसा की दुकान के सामने कार को साइड देने को लेकर पीड़ित शाऊ पिंग छाय के साथ कहासुनी हो गई थी। इसी विवाद की रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। आरोपित कार से पीड़ित को अगवा कर ले गये थे और तमंचे के बट एवं डंडे से पीटने के बाद ट्रिपलआईटी के पास युवक को छोडकर फरार हो गये थे। पकड़े गए आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। बतादें की एक दिन पहले गिरफ्तार आरोपित माजिद पर हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, धमकी, गाली-गलौज, बलवा अपहरण जैसे गंभीर धाराओं में केस दर्ज हैं इसके बावजूद वह खुलेआम घूम रहा था।

सफाई मजदूरोंकी हुंकार, चार श्रम संहिताओंके विरोधमें निकाला जुलूस, सौंपा ज्ञापन

तेलियरगंजसे नगर निगम तक 'मजदूर एकता जिंदाबाद एवं श्रम कोड वापस लो' जैसे नारोंकी गूंज

केंद्र सरकार की कथित 'मजदूर विरोधी' नीतियों एवं चार नई श्रम संहिताओं (लेबर कोड) के विरोध में गुरुवार को देशव्यापी आम हड़ताल का आवाहन किया गया। इसी कड़ी में प्रयागराज में सफाई मजदूर एकता मंच (संबद्ध एक्टू) ने एकजुटता दिखाते हुए तेलियरगंज से नगर निगम तक जुलूस निकाला। सफाई मजदूर एकता मंच के बैनर तले सैकड़ों सफाई कर्मचारी ने जुलूस के दौरान मजदूरो ने ' मजदूर एकता जिंदाबाद एवं श्रम कोड वापस लो ' जैसे नारों के साथ प्रदर्शन करते हुए पत्थर गिरिजाघर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन की हड़ताल में शामिल हुए। चार श्रम कोड वापस लेने, न्यूनतम मजदूरी २६००० लागू करो, सभी कर्मचारियों को परमानेंट करो, विकसित भारत ग्राम जी कानून वापस लेने और पुराने श्रम कानून को बहाल करने, और मनरेगा को बहाल करने की मांग कर रहे थे। प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। सफाई मजदूर एकता मंच के अध्यक्ष बलराम पटेल ने कहा कि सरकार पूंजीपतियों को लाभ पहुंचा रही है, जबकि मजदूरों के अधिकारों को खत्म किया जा रहा है। ऐक्टू जिला सचिव देवानंद ने कहा कि सरकार मजदूरों किसानों पर कानून बना कर उनके अधिकार को छीनकर गुलाम बनाने की साजिश कर रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सचिव संतोष कुमार संरक्षक रामसिया, राज बहादुर कुशवाहा, प्रेमचंद, राघवेंद्र पटेल , अजय कुशवाहा, रोशन, राम अजोर, राकेश कुमारपाल, रंजीत कुमार निषाद, रंजीत कुमार, महेंद्र कुमारपाल, राजेश कुमार यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्यका आगमन आज

नगर में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शुक्रवारको प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लखनऊसे सायंकाल ४ बजे बजे पुलिस लाइन हेलीपैड पहुंचेंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी पवन श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि उपमुख्यमंत्री जिला पंचायत सभागार में युवा मोर्चा काशी क्षेत्र द्वारा वर्ष २०२६ उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर संकोष्ठी, एवं युवा संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित होंगे। इसके उपरांत सर्किट हाउस पहुंचकर पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओंसे रूबरू होंगे, तथा विभागीय अधिकारियोंके साथ बैठक भी करेंगे।

प्रयागराज-हज़रत निज़ामुद्दीन होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) के संचालन का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

गाड़ी सं. 04123/04124 प्रयागराज-मानिकपुर-हज़रत निज़ामुद्दीन विशेष रेलगाड़ी

गाड़ी संख्या - 04123			गाड़ी संख्या - 04124	
प्रयागराज - हज़रत निज़ामुद्दीन			हज़रत निज़ामुद्दीन - प्रयागराज	
आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
.....	14:50	प्रयागराज	09:10	.....
15:25	15:27	शंकरगढ़	07:35	07:37
16:03	16:05	डभौरा	07:05	07:07
16:45	16:50	मानिकपुर	06:30	06:35
17:16	17:18	चित्रकूट धाम कर्वी	04:38	04:40
17:44	17:46	अतर्रा	04:10	04:12
18:35	18:40	बाँदा	03:40	03:45
19:23	19:25	महोबा	02:40	02:42
19:42	19:44	कुलपहाड़	02:00	02:02
20:10	20:12	हरपालपुर	01:35	01:37
21:03	21:05	मऊरानीपुर	01:15	01:17
22:35	22:40	वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी	00:05	00:10
01:05	01:10	ग्वालियर	22:15	22:20
04:20	04:22	धौलपुर	20:23	20:25
06:20	06:25	आगरा कैंट	19:05	19:10
07:50	07:55	मथुरा	18:05	18:10
08:50	08:52	कोसी कलाँ	17:18	17:20
11:35	.....	हज़रत निज़ामुद्दीन	.....	15:45

● **प्रयागराज से** गाड़ी संख्या 04123, प्रत्येक बुधवार एवं रविवार, **दिनांक :** 18.02.2026 से 08.03.2026 ● **हज़रत निज़ामुद्दीन से** गाड़ी संख्या 04124, प्रत्येक गुरूवार एवं सोमवार, **दिनांक :** 19.02.2026 से 09.03.2026

गाड़ी संरचना : स्लीपर श्रेणी : 08, सामान्य श्रेणी : 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 01, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी : 01

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 323/26(AS)

वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर २२ को, दिये गये निर्देश

आगामी २२ फरवरी को वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन के संबंध में गुरूवार को सभागार जनपद न्यायालय, प्रयागराज में राम प्रताप सिंह राणा, प्रभारी जनपद न्यायाधीश-अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगण और प्रशासन के समस्त विभागों की बैठक पूर्वान्ह में आयोजित की गयी। इस अवसर पर समस्त विभागों के अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण को बताया गया कि विभिन्न विभागों जिनके अंतर्गत निर्बल वर्ग, दिव्यांगों, बच्चों, स्त्रियों, निर्धन वर्ग, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति हेतु जनकल्याणकारी योजनाएं प्रचलित है एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्यों एवं कर्तव्य के अंतर्गत आती हैं इन विभागों को लक्षित योजनाओं को प्राधिकरण के उद्देश्य एवं कर्तव्यों के आधार पर चिन्हित किया जाय तथा मेगा शिविर का हिस्सा बनाया जाए। महिला सशक्तिकरण, जन सामान्य निर्धन बीमा योजनाएं, असंगठित श्रम विभाग, जल संरक्षण संबंधी योजनाएं,उन्हें विधिक साक्षरता तक भाग बनाते हुए उनका व्यापक प्रचार प्रसार कर २२ फरवरी को आयोजित राम दुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कालेज, नवाबगंज,सोरांव में आयोजित वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक किया जाय। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शशि कुमार ने कहा कि कि परा विधिक स्वयंसेवक की सहायता से समस्त तहसीलों, ग्राम पंचायत में ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाय, जिन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कराया जा सकता है। सचिव द्वारा समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं से प्रशासन के अन्य विभागों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लाभान्वित होने की संख्या बढ़ने पर जोर दिया गया।

धकाधक हास्य कवि सम्मेलन २६ को

प्रयागराज सेवा समिति एवं धकाधक संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आगामी २६ फरवरी गुरुवार को धकाधक मुगदर बारात के पश्चात ३४ वां धकाधक हास्य कवि सम्मेलन मध्य दारागंज स्थित पंडित धर्मराज पाण्डेय चौराहे पर होगा। यह निर्णय प्रयागराज सेवा समिति के अध्यक्ष तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया की अध्यक्षता में दारागंज स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में संस्था के सदस्यों के साथ लिया गया। डाक्टर शंभू नाथ त्रिपाठी अंशुल, अध्यक्ष तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया, राजेन्द्र तिवारी दुकान जी, पार्षद अनुपमा पाण्डेय, सांस्कृतिक मंत्री विष्णु दयाल श्रीवास्तव, सुनीता अवस्थी, डाक्टर अजय द्विवेदी, मुन्ना आजाद, गोलू गिरी, प्रकाश शुक्ला, राहुल शुक्ला, भक्त राज पाण्डेय, अशोक चौरसिया, पुष्पराज पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

आपरेशन मेरी सहेली: चार लाख महिला यात्रियोंको उपलब्ध करायी गयी सहायता

रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज मंडल द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मण्डल सुरक्षा आयुक्त विजय प्रकाश पंडित के नेतृत्व में महिला यात्रियों की सुरक्षा, सम्मान एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 'आपरेशन मेरी सहेली' अभियान का सतत एवं प्रभावी संचालन किया जा रहा है। 'आपरेशन मेरी सहेली' के अंतर्गत वर्ष २०२५-२६ में अब तक ४,०८,०८७ महिला यात्रियों को इस अभियान के माध्यम से सहायता उपलब्ध करायी जा चुकी है। ये आंकड़े अभियान की प्रभावशीलता तथा महिला यात्रियों के बीच बढ़ते विश्वास को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। प्रयागराज मंडल के अंतर्गत प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं अलीगढ़ स्टेशनों पर 'मेरी सहेली' टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों में रेलवे सुरक्षा बल की प्रशिक्षित महिला कर्मियों को सम्मिलित किया गया है, जो स्टेशनों एवं ट्रेनों में महिला यात्रियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर उनकी यात्रा को सुरक्षित एवं सहज बनाने का कार्य कर रही हैं। टीम द्वारा महिला यात्रियों को यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी, हेल्पलाइन नंबर तथा आपात स्थिति में अपनाये जाने वाले उपायों के प्रति जागरूक किया जाता है। इस दौरान महिला यात्रियों को विशेष रूप से रेलवे हेल्पलाइन नंबर १३९ की जानकारी दी जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा, चोरी, उत्पीड़न अथवा अन्य आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त की जा सके। रेलवे सुरक्षा बल, प्रयागराज सभी महिला यात्रियों से अपील करता है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर निःसंकोच रेलवे हेल्पलाइन १३९ अथवा निकटतम रेलवे सुरक्षा बल कर्मी से संपर्क करें। 'मेरी सहेली' टीम सदैव उनकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर है।

बूट कैम्पके दूसरे दिन विद्यार्थियोंने सीखी नवाचार की तकनीक

चौधरी महादेव प्रसाद महाविद्यालयके के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आईआईसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 'प्राब्लम साल्विंग एंड आइडिएशन बूट कैंप' का दूसरा दिन अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। आज का विषय 'जैव उर्वरक : खाद्य सुरक्षा एवं खाद्य संरक्षा के भविष्य का निर्माण'था। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नवाचार की नयी तकनीकों को सीखा। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वयन डाक्टर कीर्ति राजे सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। तथा विद्यार्थियों को सतत कृषि और खाद्य सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. अमिता पांडेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. एच. के. केहरी, अध्यक्षता प्रो मीना राय ने किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में डाक्टर अनुराधा राय वैज्ञानिक, इफको, फूलपुर ने जैव उर्वरकों की भूमिका, उनके प्रकार, लाभकारी सूक्ष्मजीवों की कार्यप्रणाली तथा मृदा उर्वरता एवं फसल उत्पादकता पर उनके प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला। व्याख्यान के पश्चात प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता करते हुए डाक्टर पल्लवी राय ने 'समस्या पहचान एवं विचार निर्माण की गतिविधि करायी। अंत में डाक्टर अविनाश प्रताप सिंह, सहायक प्राध्यापक, वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रो. मंजू श्रीवास्तव, प्रो. अमिता पांडेय, डाक्टर आलोक कुमार सिंह, डाक्टरअविनाश प्रताप सिंह, डाक्टर अनीता सिंह, डाक्टर विजय प्रताप सिंह तथा अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

यार्ड निगरानीके लिए २० मीटर ऊंचे हाई मास्टपर स्थापित किया गया सीसीटीवी कैमरा

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के विद्युत सामान्य विभाग ने उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विभाग ने प्रयागराज स्थित इलेक्ट्रिक ट्रिप शेड के २० मीटर ऊंचे इलेक्ट्रिक हाई मास्ट के शीर्ष पर एक आधुनिक सीसीटीवी निगरानी कैमरा सफलतापूर्वक स्थापित और शुरू किया है। यह पहल रेलवे यार्डों की निगरानी क्षमता को आधुनिक बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आमतौर पर निचले स्तर पर लगे कैमरों से पूरे यार्ड की स्पष्ट तस्वीर मिलना कठिन होता है, लेकिन २० मीटर की ऊंचाई पर कैमरा लगने से पूरे यार्ड का एक निर्बाध 'पैनोरमिक व्यू' (विहंगम दृश्य) प्राप्त हो रहा है। इस कार्य को सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करते हुए निष्पादित किया गया है। परिचालन में बिना किसी बाधा के, सभी संरचनात्मक और विद्युत सावधानियों के साथ इसे सुरक्षित रूप से स्थापित किया गया है। स्थापित किया गया कैमरा औद्योगिक श्रेणी की उन्नत तकनीक से लैस है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाला फुल एचडी रेजोल्यूशन और प्रोग्रेसिव स्कैन सीएमओएस सेंसर है। इसमें मोशन डिटेक्शन, वीडियो टैम्परिंग और अलार्म इनपुट जैसी स्मार्ट सुविधाएं मौजूद हैं। आईपी ६६ प्रोटेक्शन के साथ-साथ इसमें ४००० वी लाइटनिंग और सर्ज प्रोटेक्शन दिया गया है, जो इसे खराब मौसम और बिजली गिरने से सुरक्षित रखता है। इस सिस्टम को मौजूदा निगरानी नेटवर्क के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे ब्लाइंड स्पॉट्स में कमी होगी।

किसानोंकी समस्याओंका समाधान संवाद एवं न्यायसे किया जाय-अनुज सिंह

किसान क्रान्ति जेल भरो आंदोलन १४ को

किसानों पर बढ़ते पुलिस उत्पीड़न, झूठे मुकदमों और प्रशासनिक दमन के खिलाफ अनुज सिंह के नेतृत्व में 'किसान क्रान्ति जेल भरो आंदोलन' का आयोजन १४ फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज थाने पर किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिह ने बताया कि इस आंदोलन के अंतर्गत किसान और किसान समर्थक शांतिपूर्ण तरीके से स्वेच्छा से गिरफ्तारी देंगे। आंदोलन का उद्देश्य किसी भी प्रकार की हिंसा फैलाना नहीं, बल्कि संविधान प्रदत्त अधिकारों के तहत अन्याय के खिलाफ आवाज़ बुलंद करना है। आज किसान अपने हक और सम्मान की मांग करता है तो उसे पुलिसिया दमन का सामना करना पड़ता है। जब शांतिपूर्ण विरोध को अपराध बनाया जा रहा हो, तब जेल जाना ही संघर्ष का प्रतीक बन जाता है। कहा कि यह आंदोलन सरकार और प्रशासन को चेतावनी है कि किसानों की समस्याओं का समाधान लाठी, मुकदमे और गिरफ्तारी से नहीं, बल्कि संवाद और न्याय से किया जाए। यदि उत्पीड़न नहीं रुका, तो किसान आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

अधिग्रहीत जमीनकी पैमाइशमें पिक एण्ड चूजकी नीति अपनानेपर प्रोजेक्ट मैनेजर एवं एसडीएम से रिपोर्ट तलब

(विधि संवाददाता)

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण फाफामऊ, प्रयागराज इकाई के प्रोजेक्ट मैनेजर व एस डी एम शाहगंज जौनपुर से जौनपुर अकबरपुर फोर लेन के तहत आर सी सी सुपरमार्ट बिल्डिंग बनाने के लिए गांव गुरैनी,खेतासराय की अधिगृहीत जमीन की मनमानी पैमाइश,के आरोप में दाखिल याचिका पर रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि दोनों अधिकारी बताये कि पिक एण्ड चूज की नीति क्यो अपनाई है। याची का कहना है कि उसके खेत में १२मीटर के बजाय विपक्षी सीमा पुत्री सलाहुद्दीन को फायदा पहुंचाने के लिए २४मीटर की पैमाइश कर ली। कोर्ट ने कहा कोई आदेश करने से पहले प्रोजेक्ट मैनेजर व एस डी एम की रिपोर्ट मंगा लेना उचित होगा। याचिका की अगली सुनवाई १९फरवरी को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम सी त्रिपाठी तथा न्यायमूर्ति कुणाल रवि की खंडपीठ ने राम आसरे व दो अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता अभिषेक यादव ने बहस की। इनका कहना है कि याची ने एस डी एम शाहगंज को१२नवंबर २५को आपत्ति की है किन्तु कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा।याची की आराजी संख्या ७८एरिया १०-१/४का अधिग्रहण किया गया है। जमीन की पैमाइश में भेदभाव व पिक एण्ड चूज की नीति अपनाई गई है।

परीक्षा केंद्रोंपर पहुंची कापियां, आज भेजे जायेंगे प्रश्नपत्र

यूपी बोर्ड की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए जिले के सभी ३३३ केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाएं पहुंचा दी गई हैं। शुक्रवार को सभी केंद्रों को प्रश्नपत्रों का वितरण किया जाएगा। केंद्र व्यवस्थापकों को इस संबंध में पहले ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। प्रश्नपत्रों को स्ट्रांग रूम में रखने के साथ ही सभी सीसीटीवी को सक्रिय कर दिया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह के अनुसार केंद्रों पर प्रश्नपत्र पहुंचने के बाद सुरक्षाबलों की भी तैनाती कर दी जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों के सीसीटीवी कैमरों को डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। यूपी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय और मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम से भी केंद्रों को जोड़कर ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0, प्रयागराज

ई-निविदा आमंत्रण सूचना (स्वीकृति की प्रत्याशा में)

पत्रांक : 961/10काम.पी.-प्रया.वृ./2026 दिनांक : 07.02.2026

1 महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश की ओर से लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेन्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में) जीएसटी रहित	धरोहर धनराशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (जीएसटी सहित)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित	ठेकेदार की पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रयागराज	बेलन कैनाल मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (चैनेज 12.000 से 25.500)	1830.31	36.61	2714.00	12 माह	मार्ग कार्य ए
2	प्रयागराज	राष्ट्रीय मार्ग से पाण्डेयपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1986.19	39.72	2714.00	12 माह	मार्ग कार्य ए
3	प्रयागराज	मड़ौका मोहब्बतगंज सनई का पूरा डभांव सम्पर्क मार्ग चैनेज 1.000 से 5.000 तक चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य।	1071.60	21.43	2714.00	12 माह	मार्ग कार्य ए
4	प्रयागराज	जनपद प्रयागराज में प्रयागराज एयरपोर्ट से कौशाम्बी पर्यटन स्थल को जोड़नें वाले फोर लेन मार्ग के चैनेज 4.425 के समीप दायीं ओर इण्डियन एयरफोर्स टेक्निकल एरिया एवं बांयी ओर प्रयाग विहार परिसर को जोड़नें हेतु फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य	618.10	12.36	2714.00	12 माह	मार्ग कार्य ए
5	प्रयागराज	सिरसा कोरांव ड्रमण्डगंज (राज्य मार्ग संख्या 123) मार्ग के किमी0 6,7,8,1420, 22,23,26,29,30,31 में नाली निर्माण का कार्य।	758.00	15.16	2714.00	12 माह	मार्ग कार्य ए

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 14.02.2026 से 24.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक उपलब्ध है जो दिनांक 24.02.2026 को दोपहर 03:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2026 को अपरान्ह 3:30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा विवरण वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। पंजीकृत निविदादाता द्वारा विवरण ई-टेन्डरिंग, एन0आई0सी0 की साइट पर अपलोड किया जाना है तथा साथ ही साथ लोक निर्माण विभाग की वेबसाइट www.uppwd.gov.in के प्रहरी पोर्टल पर भी अपलोड करना होगा।

(पी0के0 राय)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 प्रयागराज

(नरेश कुमार)
अधीक्षण अभियन्ता
प्रयागराज वृत्त, लो0नि0वि0 प्रयागराज

website : www.upgov.nic.in पर उपलब्ध है। upid no. 245832 Date : 11.02.2026

स्वास्थ्य शिविरमें २८०० अधिवक्ताओंने करायी जांच

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, इलाहाबाद के ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में लगे दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दूसरे दिन गुरुवार को २८०० अधिवक्ताओं ने अपना निशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण कराकर परामर्श लिया। जांच के दौरान चिकित्सक एवं परामर्शदाताओं ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के प्राचार्य डाक्टर वी के पाण्डेय, पूर्व प्राचार्य डाक्टर एस पी सिंह ने टीम के साथ भाग लिया। शिविर का उद्घाटन न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल ने किया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डे, महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने न्यायमूर्तियों का माल्यार्पण, पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत और अभिनन्दन किया। स्वास्थ्य शिविर में आज अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार कुशवाहा, अनिल कुमार, बैरिस्टर सिंह, सुभाष चन्द्र सिंह, दीपक कौशिक, विनय कुमार पाण्डेय, अरविन्द कुमार मिश्रा, हरि प्रकाश यादव तथा राम बक्श गौतम ने नेत्रदान किया।इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार द्विवेदी, अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्र, राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण, बैरिस्टर सिंह, रामेश्वर दत्त पाण्डेय, बिन्दु कुमारी, अंजनी कुमार मिश्र, अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरूद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, आदित्य घर द्विवेदी एवं अमित सिंह सेंगर, अजय कुमार मिश्र, मनीष द्विवेदी, अनिल पाठक, शशि प्रकाश सिंह, सुमित श्रीवास्तव आदि रहे।

ज्ञान